आवासीय सेवाएँ: घर साझा करना

कम्यूनिटी लिविंग बीसी (सी.एल.बी.सी.) योग्य बालगों* और उनके परिवारों को सहायता तथा सेवाएँ प्रदान करता है। सी.एल.बी.सी. कई प्रकार की आवासीय सेवाओं के लिए सहायता राशि देता है। घर साझा करना एक आवासीय सहायता सेवा है जिसका कई योग्य बालग और उनके परिवार चयन करते हैं। घर साझा करने संबंधी सी.एल,बी.सी. के पास बहुत सारी नीतियां, दिशा-निर्देश, और मानदण्ड हैं। इस सूचना पत्र में घर साझा करने संबंधी परिवारों के कुछ आम प्रश्नों के जवाब दिए गए हैं। इस सूचना पत्र में हमारी रोजगार नीति संबंधी कुछ आम प्रश्नों के जवाब दिए गए हैं।

घर साझा करना किसे कहते हैं?

घर साझा करना सी.एल.बी.सी. द्वारा एक प्रकार की वितीय आवासीय सेवा है जो कि बालगों को जितना संभव हो सके पूर्ण तथा स्वतंत्र रूप से समुदाय में रहने के लिए मदद करती है।.

घर साझा करने में, व्यक्ति (एक बालग व्यक्ति जो सी.एल.बी.सी. से सहायता के योग्य है) जिसे आवासीय सहायता सेवा की आवश्यक्ता है तथा सहायता प्रदान करने वाला व्यक्ति उसी एक ही घर में इक्टठे रहते हैं। कुछ परिस्थितियों में, सहायता व्यक्ति के घर में प्रदान की जाती है (लिव-इन सहायता) तथा अन्य परिस्थितियों में घर साझा करवाने वाले प्रदाता के घर में सहायता प्रदान की जाती है।

सहायता चाहे व्यक्ति के घर में या प्रदाता के घर में प्रदान की जाती है, पर शामिल हर किसी के लिए इसे घर की तरह महसूस करना चाहिए। जब घर साझा करने की व्यवस्था घर साझा प्रदाता के घर में की जाती है, तब व्यक्तियों के लिए हमेशा अपना निजी स्थान होता है जिसे वह सजा सकते हैं तथा स्वयं के लिए अपना बना सकते हैं।

घर साझा करने का काम कैसे किया जाता है?

घर साझा करने वाले प्रबंधों में व्यक्ति और घर साझा करवाने वाले प्रदाता इक्टठे रहते हैं तथा अपने जीवन के बहुत सारे पहलूओं को साझा करते हैं, पर साथ ही अपना अलग जीवन भी बनाए रखते हैं। घर साझा करने की व्यवस्था में, घर साझा प्रदाता की जिम्मेदारी होती है कि वह व्यक्ति की विशेष जरूरतों और उद्देश्यों के आधार पर सहायता की पेशकष करे।

घर साझा करने की व्यवस्था में व्यक्तियों को अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी सहायता के साथ युवा जीवन व्यतीत करने की अनुमति मिलती है तथा एक स्तर तक आज़ादी भी मिलती है जो व्यक्ति के लिए मायना रखती है।



घर साझा करने की व्यवस्था का निरीक्षण कौन करता है?

सी.एस.बी.सी. पूरे ब्रिटिश कोलम्बीया के समुदायों में घर साझा करने की पेशकश के लिए निपुण सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के साथ काम करता है। घर साझा करने की पेशकश समुदाय एजेंसियों द्वारा या सीधे सी.एल.बी.सी. के माध्यम से की जा सकती है। घर साझा करवाने वाले प्रदाता और निगरानी सेवाओं का अनुमोदन करने के लिए एक जैसी ही उम्मीदें लागू होती हैं चाहे सी.एल.बी.सी. या योग्य समुदाय एजेंसी सेवा के लिए कान्ट्रेक्ट करती हैं।

हम घर साझा करने की सही स्थिति का कैसे पता लगाएँगे?

पहला कदम है अपने क्षेत्र में सी.एल.बी.सी. के मददकर्ता से संपर्क करना (नक्शे और सी.एल.बी.सी. के कार्यालय के स्थानों के लिए सी.एल.बी.सी. की वैबसाईट देखें).।मददकर्ता योजना विकसित करने में सहायता करेगा तथा घर साझा करने के चयन के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। अक्सर, घर साझा करवाने वाला प्रदाता व्यक्ति के व्यक्तिगत सहायता नेटवर्क का सदस्य हो सकता है। इस मामले में, सी.एल.बी.सी. के कर्मचारी अपेक्षित मानदंड तथा घर साझा करने की सेवा का प्रदाता बनने के लिए आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। इस परिचर्चा को किसी भी समय शुरू किया जा सकता है और आपके परिवार के सदस्य की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए सही आवासीय सहायता तैयार करने का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

** सी.एल.बी.सी. के योग्य वह बालग व्यक्ति होता है जिसकी आयु 19 वर्ष या इस से अधिक हो तथा जो सी.एल.बी.सी. सहायता और सेवा नीति की योग्यता के लिए वर्णित योग्यता कसौटी पर पूरा उतरता है।*

COMMUNITY LIVING
BRITISH COLUMBIA

घर साझा किया जाना कितना स्थिर होता है?

व्यक्तियों और घर साझा करवाने वाले प्रदाताओं के बाच संबंध कई वर्षों तक बने रहते हैं। सभी जीवित परिस्थितियों की तरहे, कभी कभी परिवर्तन करने पड़ते हैं और कभी कभी लोग स्थानांतरित होते हैं। जब इस तरह की परिस्थिति होती है, नए घर में सुचारू स्थानांतरण के लिए सी.एल.बी.सी. या घर साझा करवाने वाली एजेंसी व्यक्तियों और उनके समर्थक नेटवर्क के साथ काम करती है।

मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे परिवार का सदस्य सुरक्षित है?

परिवार के सदस्य और समर्थन नेटवर्क के अन्य लोग बाकायदा संपर्क करके तथा जा कर मिल कर यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि व्यक्ति सुरक्षित हैं। घर साझा करवाने वाले प्रदाता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परिवार और दोस्तों के शामिल होने का स्वागत करते हैं। व्यक्ति तथा उनके परिवार अपनी ज़रूरतों के अनुसार घर साझा करवाने वाले प्रदाता के चयन की अंतिम प्रक्रिया में भाग लेंगे। औपचारिक सुरक्षा, जैसे घर साझा करने की अनुमोदन प्रक्रियाएँ और निगरानी के दिशा निर्देश भी दिये गए हैं। घर साझा करने वाले सभी प्रदाताओं को घर की अध्ययन प्रक्रिया के द्वारा अवश्य अनुमोदित होना चाहिए।

जब सी.एल.बी.सी के साथ कान्ट्रेक्ट के तहत घर साझा कर लिया जाता है, तब सी.एल.बी.सी. के स्टाफ का कोई व्यक्ति प्रति वर्ष कम से कम एक बार घर में जाता है और व्यवस्था की निगरानी के लिए जिम्मेदार होता है। एजेंसी के कर्मचारी घर का दौरा तथा निगरानी करते हैं जबकि एजेंसियाँ घर साझा करने की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होती हैं।

अच्छा जीवन व्यतीत करनौ

अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए वास्तव में यही जरूरी बातें हैं जो लोगों को सुरक्षित रखती हैं: ध्यान रखने वाले रिश्ते, भाग लेने के लिए मौके, तथा प्रति दिन के जीवन की स्थिति पर मजबूती। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसके अपने उद्देश्यों और जरूरतों के आधार पर घर साझा करने की जरूरतों को सावधानी से विकसित किया जाना चाहिए।

घर साझा करने की व्यवस्था में किस प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है?

प्रदान की जाने वाली सहायता की किस्म और राशि वास्तव में व्यक्ति की विशिष्ट जरूरतों पर निर्भर करती है। व्यक्ति, परिवार के सदस्य, सेवा प्रदाता, और सी.एल.बी.सी. यह सुनिश्चित करने के लिए मिल कर काम करते हैं कि प्रदान की गई सहायता व्यक्ति की बदलती जरूरतों को पूरा करती है।

घर साझा करना वैयक्तिक आवास सहायता है जो लगातार घर साझा करने वाले प्रदाताओं के साथ संबंध बनाते हैं जिससे उनको व्यक्ति तथा उनकी विलक्षण जरूरतों का पता लगता है। व्यापक सहायता जरूरतों के अनुकूल इसे विकसित किया जा सकता है और जटिल सहायता की जरूरतों वाले व्यक्तियों को शामिल करने के लिए सबसे बढ़िया विकल्प हो सकता है। घर साझा प्रदाताओं से कौशल और प्रासंगिक प्रशिक्षण का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है।

जो व्यक्ति इस आवासीय व्यवस्था का चयन करते है वे अन्य सेवाओं तक भी पहुँच कर सकते हैं जैसे समुदाय में समावेश या रोजगार संबंधी सहायता।

क्या घर साझा करना एक नई आवासीय सेवा है?

नहीं, घर साझा करना नई सेवा नहीं है। इस आवासीय व्यवस्था का नाम हो सकता है बीते वर्षों में बदला गया हो (मालिकाना देखभाल, परिवार की देखभाल, मेजबान परिवार सेवाएँ, आदि), लेकिन एक बालग व्यक्ति जिसे आवासीय सहायता की जरूरत है तथा सहायता प्रदान करने वाला व्यक्ति उसी एक घर में रहें इस प्रकार की सेवा 1970 के दशक से उपलब्ध है।

मैं और अधिक जानकारी कहां से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ, जैसे:

घर कहाँ होगा?

घर में और कौन रहता है?

पड़ोस किस तरह का है?

क्या सी.एल.बी.सी. के योग्य अन्य बालग व्यक्ति घर में रहेंगे?

घर साझा करने वाले प्रदाता कौन कौन से हैं? क्या हम उन्हें पहले मिल सकते हैं?

यदि व्यवस्था अच्छी तरह उपयुक्त नहीं है तो क्या होगा?

यदि मेरे परिवार का सदस्य जाना चाहता है तो क्या होगा?

परिवारों के अपनी स्थिति के बारे में भिन्न भिन्न कान्ट्रेक्ट हो सकते हैं जिनका जवाब देने के लिए सी.एल.बी.सी. और या घर साझा कराने वाली एजेंसी आपके साथ मिल कर कार्य करेंगी। बहुत सारे अलग अलग तरीके है जिन से घर साझा करने की व्यवस्था की जा सकती हैं।

घर साझा करने में, ध्यान हमेशा व्यक्ति पर दिया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि उनकी अच्छी तरह से सहायता की जा रही है। किसी भी सहायता या सेवा की तरह, यह महत्वपूर्ण है कि शामिल हर व्यक्ति मिल कर साथ काम करते हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी विकल्पों का पता लगाया है और सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। यदि आप घर साझा करने के बारे में और अधिक जानने में रुचि रखते हैं या अपनी खुद की स्थिति के बारे में प्रश्न हैं, तो कृप्या अपने स्थानीय सी.एल.बी.सी. कार्यालय से संपर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए

घर साझा करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.communitylivingbc.ca पर जाएँ तथा इसके बाद व्यक्ति और परिवार > घर साझा करने पर जाएँ योजना के बारे में अधिक जानने के लिए, आप परिवार के लिए नीतियां और प्रकाशन > प्रकाशन > परिवारों के लिए जानकारी के तहत योजना पत्र के बारे में परिवारों के लिए जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आप सी.एल.बी.सी को टोल फ्री नंबर 1-877-660-2522 पर संपर्क कर सकते हैं।